Regarding establishment of a Navodaya Vidyalaya or PM SHRI Vidyalaya in Mauganj District, Madhya Pradesh-Laid

श्री जनार्दन मिश्रा (रीवा) : रीवा जिले के सबसे पिछड़े भाग में एक नया जिला मऊगंज बनाया गया है । मऊगंज जिले की लगभग सम्पूर्ण आबादी सुदूर जंगली व पहाड़ी इलाके में रहती है । शिक्षा के लिए कोई श्रेष्ठ विद्यालय नहीं है । मऊगंज जिले में एक उत्कृष्ट विद्यालय की अत्यंत आवश्यकता है । अत: मंत्री जी से निवेदन है कि मऊगंज जिले में एक नवोदय विद्यालय या पीएम श्री विद्यालय स्थापित किये जाने का कष्ट करें ।